# इन्दिरा गाँधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बाँगरमऊ, उन्नाव (उ. प्र.) 209868

(नैक द्वारा मूल्यांकित)

सम्बद्ध-छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर

75

Website : www.iggpgcbmu.org, E-mail: info@iggpgcbmu.org

# Indira Gandhi Government P. G. College

Bangarmau, Unnao (U.P.) 209868




अभ्यास से प्राप्त की गई विद्या जीवन में उन्नति और प्रसन्नता लाती है।

# विवरणिका एवं प्रवेश आवेदन-पत्र

# Prospectus & Application Form



डॉ. सदानन्द राय, प्राचार्य

# महाविद्यालय परिवार

## कला संकाय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 रंजना सिन्हा | एसो0 प्रो0–इतिहास |
| 2. | श्री राजीव यादव | असि0 प्रो0–अंग्रेजी |
| 3. | डा0 दिग्विजय नरायण | असि0 प्रो0–हिन्दी |
| 4. | श्रीमती सविता | असि0 प्रो0–अर्थशास्त्र |
| 5. | सविता राजन | असि0 प्रो0–समाजशास्त्र |
| 6. | श्रीमती किरन | असि0 प्रो0–संस्कृत |

## वाणिज्य संकाय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 सदानन्द राय | एसो0 प्रो0–वाणिज्य |
| 2. | डा0 सुमन देवी | असि0 प्रो0–वाणिज्य |

## विज्ञान संकाय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 शिखा यादव | असि0 प्रो0–रसायन विज्ञान |
| 2. | श्री धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी | असि0 प्रो0–भौतिक विज्ञान |
| 3. | श्री अभय राजपूत | असि0 प्रो0–गणित |
| 4. | शैलजा त्रिपाठी | असि0 प्रो0–वनस्पति विज्ञान |
| 5. | डा0 बृज किशोर गुप्ता | असि0 प्रो0–जन्तु विज्ञान |

## शारीरिक शिक्षा विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 विष्णु मिश्रा | असि0 प्रो0–शारीरिक शिक्षा |

## पुस्तकालयाध्यक्ष

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रिक्त | पुस्तकालयाध्यक्ष |

## कार्यालय

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री प्रेम कुमार गौतम | कार्यालय अधीक्षक |
| 2. | श्री संदीप कुमार अवस्थी | कनिष्ठ लिपिक |

## प्रयोगशाला सहायक

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री महेश चन्द्र | (जन्तु विज्ञान) |
| 2. | श्री विनोद चन्द्र मौर्य | (जन्तु विज्ञान) |
| 3. | रिक्त | (रसायन विज्ञान) |
| 4. | रिक्त | (वनस्पति विज्ञान) |

## प्रयोगशाला परिचर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री बसन्त लाल मौर्य | (जन्तु विज्ञान) |
| 2. | रिक्त | (वनस्पति विज्ञान) |
| 3. | रिक्त | (भौतिक विज्ञान) |
| 4. | रिक्त | (रसायन विज्ञान) |

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री बलराम सिंह | कार्यालय परिचर |
| 2. | श्री कन्हैया लाल | कार्यालय परिचर |
| 3. | श्री मुन्नी लाल | कार्यालय परिचर |
| 4. | श्री योगेन्द्र कुमार सक्सेना | कार्यालय परिचर |
| 5. | श्री जितेन्द्र कुमार | अंशकालिक स्वीपर |

किसी भी तिथि के परिवर्तन की सूचना महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर चस्पा कर दी जायेगी। अतएव नियमित रूप से सूचनापट्ट देखते रहें।

# इन्दिरा गाँधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## बाँगरमऊ - उन्नाव (उ.प्र.) - 209868

### संक्षिप्त परिचय

उन्नाव जनपद के अत्यन्त पिछड़े ग्रामीण अंचल बॉगरमऊ के छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए महाविद्यालय की स्थापना माननीय (स्वर्गीय) पं० गोपीनाथ दीक्षित, तत्कालीन गृहमंत्री उत्तर प्रदेश के सत्प्रयासों से दिनांक 21 जुलाई 1988 को हुई थी। महाविद्यालय उन्नाव मुख्यालय से 50 किलो मीटर दूर कानपुर–हरदोई राजमार्ग पर स्थित है जिसकी परिधि लगभग 12 एकड़ है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा बाँगरमऊ पवित्र तीर्थस्थल चिन्हित किया गया है जिसकी विशेषता 200 वर्ष प्राचीन राज राजेश्वरी मन्दिर है जो तांत्रिक मन्दिर के रूप में जाना जाता है। भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग ने इसके निकट अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों की खोज की, जिनमें मुख्य संचानकोट के उत्खनन् में पुरातत्वविदों को 2000 वर्ष प्राचीन शैव मन्दिर के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

यहाँ स्नातक स्तर पर कला संकाय (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र और शारीरिक शिक्षा), विज्ञान संकाय (जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित) तथा वाणिज्य संकाय वर्ष 1996–97 से संचालित हैं। परास्नातक स्तर पर 1998–99 से तीन विषय हिन्दी, अर्थशास्त्र व समाजशास्त्र की कक्षायें प्रारम्भ हो गयीं। महाविद्यालय परास्नातक में अन्य मुख्य विषयों की सम्बद्धता प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध है। महाविद्यालय कानपुर विश्वविद्यालय (उ०प्र०) द्वारा उपाधि (डिग्री) प्रदान करता है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बंगलुरू द्वारा वर्ष 2014 में महाविद्यालय का मूल्यांकन हो चुका है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्धारण

| कला संकाय मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विषय(BAHSS) | भाषा संकाय भाषा विषय (BALG) | विज्ञान संकाय विज्ञान विषय (B.Sc.) | वाणिज्य संकाय (B.Com.) | सह– पाठ्यक्रमीय विषय (Co-cuuricular) | कौशल/रोजगार परक (Vocational) विषय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| अर्थशास्त्र<br>इतिहास<br>शारीरिक शिक्षा<br>समाजशास्त्र | संस्कृत<br>हिन्दी साहित्स<br>अंग्रेजी साहित्य | वनस्पति विज्ञान<br>रसायन शास्त्र<br>गणित<br>भौतिक विज्ञान<br>जन्तु विज्ञान | वाणिज्य सम्बन्धी विषय<br>माइनर– विषय अर्थशास्त्र | 1) खाद्य, पोषण एवं स्वच्छता<br>2) प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य<br>3) शारीरिक शिक्षा एवं योग<br>4) मानव मूलय एवं पर्यावरण अध्ययन<br>5) विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनैस<br>6) संचार कौशल एवं व्यक्तिगत विकास | योग और नेचरोपैथी |

नोटः

कानपुर विश्वविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट www.admission.csjmu.ac.in/login पर पंजीकरण करने के उपरान्त **सर्वप्रथम विद्यार्थी अपने संकाय का चुनाव करेगा।**

- ★ विद्यार्थी तीन मुख्य विषयों (Major) का चुनाव करेगा। जिसमें से दो मुख्य विषय उसके चुने हुए संकाय से लेना अनिवार्य होगा तथा तीसरा मुख्य विषय वह अपने संकाय अथवा दूसरे संकाय से ले सकता है।
- ★ प्रथम चार सेमेस्टर हेतु एक माइनर(Minor) विषय किसी दूसरे संकाय से लेना अनिवार्य होगा। परन्तु Minor विषय का निर्धारण वि0वि0 द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार तय होगा
- ★ प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम चार सेमेस्टर में एक रोजगार परक (Vocational) पाठ्यक्रम लेना अनिवार्य है।
- ★ इसके अतिरिक्त छात्रों को एक सह पाठ्यक्रमीय गतिविधि (Co-cuuricular) से सम्बन्धित विषय का अध्ययन सभी सेमेस्टर में करना होगा।

# प्रवेश प्रक्रिया

महाविद्यालय का शैक्षणिक सत्र जुलाई से प्रारम्भ होगा। **प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राएं प्रवेश आवेदन–पत्र भरने से पूर्व विवरणिका का भली भांति अध्ययन कर लें।** महाविद्यालय में प्रवेश पूर्णतः छात्र/छात्राओं की अर्जित योग्यता के वरीयता क्रम उ0प्र0 शासन एवं कानपुर विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित नियमों के अनुरूप दिया जायेगा। प्रवेश हेतु उ०प्र० शासन, कानपुर विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण सम्बन्धी शासनादेशों/नियमावलियों में निहित प्रावधान के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु आरक्षित होंगे। आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के प्रवेशार्थियों को सक्षम अधिकारी–तहसीलदार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति (**Live Validity**) अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। विकलांग एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी वर्ग के छात्र/छात्राओं को नियमानुसार 2 प्रतिशत क्षैतिज (**Horizontal**) आरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा। प्रदेश अथवा राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद में भाग लेने वाली छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की दशा में नियमानुसार भारिता (**Weightage**) का लाभ प्रदान किया जायेगा। परास्नातक (एम.ए.) में उसी विषय का चयन करें जो बी०ए० तृतीय वर्ष में रहें हो। प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु श्री राजीव यादव एवं डॉ. विष्णु मिश्रा से सम्पर्क करें। आवेदन–पत्र जमा करने की निर्धारित तिथि महाविद्यालय कार्यालय से पता करें।

# प्रवेश आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण–पत्र

1. सभी उत्तीर्ण परीक्षाओं के अंकपत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ।
2. पासपोर्ट साइज के नवीनतम् फोटो यथा स्थान लगायें।
3. हाईस्कूल प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि ।
4. अन्तिम शिक्षा संस्थान का स्थानान्तरण (टी.सी.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र।
5. अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग के प्रवेशार्थी सक्षम अधिकारी (मूल प्रति) द्वारा निर्गत एतत् सम्बन्धी प्रमाण–पत्र प्रस्तु करने पर ही प्रवेशार्थी छात्रवृत्ति का लाभ पा सकेंगे। आरक्षण की दशा में जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
6. आधार कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति अवश्य लगायें।

# महाविद्यालय में प्रवेश सम्बन्धी नियम

## स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम–

किसी भी प्रवेशार्थी (जो प्रवेश सम्बन्धी न्यूनतम अर्हता रखता है) को निम्नलिखित नियमों के अन्तर्गत प्रवेश अनुमन्य होगा–

1. बी0ए0 / बी.एस.सी / बी.कॉम. प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेश आवेदन हेतु इण्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम प्राप्तांक 40 प्रतिशत होना अनिवार्य है।
2. मेरिट के आधार पर चयनित सभी अभ्यर्थियों को अपनी एक फोटो साक्षात्कार के समय लाना अनिवार्य है।
3. प्रवेशार्थी को प्रवेश समिति के समक्ष स्वयं उपस्थिति होना अनिवार्य है। किसी अन्य के माध्यम से प्रस्तुत अभिलेख पर विचार करना सम्भव नहीं होगा।
4. किसी भी प्रवेशार्थी का प्रवेश स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करना प्राचार्य का विशेषाधिकार होगा।
5. बी0ए0 / बी.एस.सी / बी.कॉम. प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश इण्टरमीडियट में चयनित विषयों की लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के योग से बनी मेरिट के आधार पर होगा।
6. प्रवेश के समय जो विषय आवंटित होगा उसमें प्रवेश के उपरान्त परिवर्तन किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा।
7. प्रवेश समिति द्वारा योग्यता सूचियां नियमित अन्तराल पर महाविद्यालय सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जायेंगी जिनमें प्रवेशार्थियों हेतु साक्षात्कार की तिथि व प्रवेश सम्बन्धी सूचनायें अंकित होंगी।
8. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को अपने साथ समस्त मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्रों, एवं चरित्र प्रमाण पत्र, टी0सी0 (T.C.) मूल रूप में लाना अनिवार्य है। इनके प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में प्रवेश संस्तुत नहीं किया जायेगा।
9. वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु वाणिज्य विषय से इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या इण्टरमीडिएट में गणित अथवा अर्थशास्त्र विषय होने पर ही बी0काम0 प्रथम वर्ष में प्रवेश पर विचार किया जा सकेगा
10. यदि कोई छात्र / छात्रा प्रवेश हेतु साक्षात्कार के दिन अनुपस्थित रहता है अथवा प्रवेश सम्बन्धी औपचारिकतायें निर्धारित तिथि तक पूर्ण नहीं करता है। तो उस दशा में उसका प्रवेश स्वतः निरस्त कर दिया जायेगा तथा उसके स्थान पर योग्यता क्रम (Merit) में आने वाले विद्यार्थी के प्रवेश पर विचार किया जायेगा।
11. बी0ए0 / बी0काम0 / बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष के छात्र / छात्राओं को प्रवेश संस्तुत हो जाने की दशा में तत्काल निर्धारित शुल्क एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा बाँगरमऊ में जमा करना अनिवार्य है तथा फीस रसीद की छायाप्रति महाविद्यालय में प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जायेगा।
12. कानपुर विश्वविद्यालय परीक्षा आवेदन–पत्र सामान्यता अगस्त / सितम्बर माह में भरें जाते हैं। परीक्षा फार्म का भरा जाना विद्यार्थी का व्यक्तिगत दायित्व होगा।
13. विश्वविद्यालय परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त करने से पूर्व छात्र / छात्राओं को अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

# निम्नलिखित के प्रवेश सम्भव नहीं होंगे

A. जो विद्यार्थी गत वर्ष विश्वविद्यालय की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे हों।
B. जिनका परीक्षाफल अनुचित साधन प्रयोग करने अथवा अनुशासनहीनता के कारण विश्वविद्यालय से रोक दिया गया है।
C. जिन प्रवेशार्थी के विरूद्ध न्यायालय में दण्डनीय अभियोग में सजा दी जा चुकी है।
D. जिन्होंने स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की परीक्षा किसी अन्य महाविद्यालय से उत्तीर्ण की हो।
E. जिनके चरित्र संदिग्ध होने अथवा उनके अवांछनीय होने अथवा अवांछनीय तत्वों के साथ रहने की सूचना हो।

# स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश सम्बन्धी नियम

किसी भी प्रवेशार्थी (जो प्रवेश सम्बन्धी न्यूनतम आर्हता रखता है) को निम्नलिखित नियमों के अन्तर्गत प्रवेश अनुमन्य होगा–

1. स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का स्नातक कक्षा में कम से कम 40 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश स्नातक कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता क्रम में प्रदान किया जायेगा।
3. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के स्नातक परीक्षा में समान प्राप्तांक होने की दशा में स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में चयनित विषय (एम०ए० वर्ष) में प्राप्तांकों के आधार पर योग्यता क्रम निर्धारित कर स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश किया जायेगा।

4. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु विषय का चयन बी०ए० तृतीय वर्ष में चयनित विषयों में से ही किया जा सकेगा।
5. कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन नहीं कर सकेगा।
6. यदि किसी अभ्यर्थी ने स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है तो उसे अन्य किसी विषय में स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश प्रदान नहीं किया जायेगा।
7. यदि कोई अभ्यर्थी स्नातकोत्तर कक्षा में एक से अधिक विषयों में प्रवेश हेतु आवेदन करना चाहता है। तो उसे प्रत्येक विषय में पृथक से प्रवेश आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा
8. स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रवेश हेतु नियमानुसार आरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा।
9. प्रवेश निरस्त करने का अधिकार महाविद्यालय के प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा।
10. प्रवेश संस्तुत हो जाने की दशा में तत्काल निर्धारित शुल्क एच.डी.एफ.सी. बैंक मांगरमऊ में जमा करना अनिवार्य है। निरस्त माना जायेगा।
11. विश्वविद्यालय परीक्षा प्रवेशपत्र प्राप्त करने से पूर्व छात्रों को अदेय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## छात्रवृत्ति सम्बन्धी आवश्यक निर्देश

1. छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु 75% उपस्थिति अनिवार्य है।
2. छात्रवृत्ति समय–समय पर प्रसारित शासनादेशों में निहित नियमों के अन्तर्गत प्रदान की जाती है।
3. छात्रवृत्ति का आवेदन आन–लाइन छात्र / छात्राओं के द्वारा किया जायेगा।
4. आन–लाइन छात्रवृत्ति का आवेदन महाविद्यालय में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाकर पासबुक की छायाप्रति एवं आय प्रमाण–पत्र मूलरूप में कार्यालय में जमा किया जायेगा।
5. आन–लाइन आवेदन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक जमा करना अनिवार्य है।
6. आय प्रमाण–पत्र का सत्यापन वेबसाइट NIC.com पर उपलब्ध विवरण से किया जायेगा। प्रमाण–पत्र गलत पाये जाने पर छात्र / छात्रा का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

## स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (सभी संकाय) हेतु

1. स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि परीक्षाफल निकलने के 10 दिन के अन्दर होगी। उक्त विद्यार्थी को गत वर्ष के परीक्षाफल की सत्यापित अंक तालिका की प्रतिलिपि प्रवेश आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2. प्रवेशित छात्र / छात्रा को शुल्क जमा करने के पश्चात चयनित विषयों के विभाग प्रभारी को शुल्क रसीद दिखाकर अपना नाम विभाग में अंकित कराना होगा एवं पंजीकरण कार्ड पर विषय प्रभारी के हस्ताक्षर करायेगा।

# शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ एवं छात्र कल्याण योजनायें

महाविद्यालय में छात्र / छात्राओं के बहुमुखी विकास हेतु निम्नलिखित गतिविधियाँ एवं सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## क्रीड़ा

महाविद्यालय में क्रीड़ा की उत्तम व्यवस्था है। महाविद्यालय में प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में इण्डोर क्रीडा एवं वार्षिक क्रीडा प्रतियोगितायें आयोजित की जाती है। जिनमें छात्र / छात्रायें अपनी अभिरूचि एवं प्रतिभा के अनुसार प्रतिभाग करते हैं। क्रीड़ा सम्बन्धी गतिविधियों के संचालन हेतु प्राचार्य द्वारा क्रीड़ा समिति का गठन किया जाता हैं। किसी भी छात्र / छात्रा को क्रीड़ा सामग्री घर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। महाविद्यालय की विभिन्न खेलों की टीमें विश्वविद्यालय क्रीड़ा में प्रतिभाग करने जाती है। इसके चयन हेतु छात्र / छात्राओं को क्रीड़ा विभाग के सूचनापट्ट को देखते रहना होगा। महाविद्यालय में व्यायामशाला (जिम) छात्र / छात्राओं के लिए उपलब्ध है।

### **राष्ट्रीय सेवा योजना** (N.S.S.)

N.S.S. की प्रथम इकाई महाविद्यालय को सत्र 2017–18 में आवंटित हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना का मूलमंत्र सामुदायिक विकास के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है एवं विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से छात्रों में सेवा भाव का सजून करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.) के प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं को बी० एड० व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नियमानुसार वरीयता दी जाती है।

### रोवर्स रेंजर्स योजना

महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं को रोवर्स रेंजर्स सम्बन्धी विभिन्न क्रियाकलापों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए रोवर्स रेंजर्स इकाई की स्थापना की गयी है। चयन योग्यता के आधार पर किया जायेगा। बी०एड० एवं स्नातकोत्तर आदि कक्षाओं में प्रवेश हेतु रोवर्स रेंजर्स प्रमाण पत्र धारकों को वरियता दी जाती है।

### विषय परिषदें

महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विषयों की परिषदों का गठन किया जाता है। सम्बन्धित परिषदें समय समय पर छात्र / छात्राओं के बौद्धिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु प्रतियोगिताओं निबन्ध, वाद–विवाद, वस्तुनिष्ठ परीक्षण, क्विज चार्ट, पोस्टर आदि का आयोजन करती है। तत्सम्बन्धी प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किये जाने की व्यवस्था है।

### छात्रावास

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उ०प्र० शासन द्वारा महाविद्यालय में पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण कराया गया है। शासन के नवीन निर्देशानुसार सभी वर्ग के छात्रों को छात्रावास आवंटित करने का आदेश पारित किया गया है। उपलब्ध से अधिक के आवेदन पर मेरिट के आधार पर छात्रावास आवंटित किया जायेगा। सभी वर्ग के इच्छुक छात्र आवेदन कर सकते हैं। छात्रावास वार्षिक शुल्क रु. 800+ रु. 500 (काशनमनी) = रु. 1300 / –

### कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट सेल

महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट सेल का भी गठन किया गया है जिसके माध्यम से रोजगार सम्बन्धी सूचनाओं का प्रसार एवं समय –समय पर विभिन्न विशेषज्ञों को आमन्त्रित कर प्रेरणादायक विचारों को छात्र / छात्राओं के मध्य प्रकट किया जाता है।

## पर्यावरण संरक्षण जागरूकता क्लब

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 की मंगलमयी बेला भावना के अनुरूप पर्यावरण–वनस्पतियों व जीव जन्तुओं के संरक्षण–संवर्धन सम्बन्धी जागरूकता के प्रसार में छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण क्लब का गठन किया गया है। यह क्लब महाविद्यालय के प्रांगण में सौन्दर्यीकरण के लिए कार्य करता है।

## महाविद्यालय पत्रिका

छात्र / छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा 'प्रवाह' पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। छात्र / छात्रायें इस पत्रिका के लिए स्वरचित लेख, कहानी, कविता, सूक्तियां नाटक आदि पत्रिका के प्रधान सम्पादक / प्रभारी प्राध्यापकों को दे सकेंगे। सम्पादक मण्डल केवल उन्हीं लेखों, कविताओं अथवा रचनाओं आदि को पत्रिका में प्रकाशनार्थ सम्मिलित करेंगे जो प्रकाशन योग्य पायी जायेंगी।

## छात्रवृत्तियां

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पिछड़े वर्ग, निर्धन सामान्य वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग छात्र / छात्राओं के लिये समाज कल्याण विभाग राज्य सरकार की ओर से तथा दूसरे स्त्रोतों से विभिन्न छात्रवृत्तियों की व्यवस्था है जिनकी सूचना छात्र / छात्राओं को समय–समय पर सूचना पट्ट के माध्यम से प्राप्त होगी। पिता / अभिभावक के सरकारी नौकरी में होने की दशा में सेवायोजन द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

महाविद्यालय में पुस्तकालय एवं वाचनालय की समुचित व्यवस्था है। प्रत्येक छात्र / छात्राओं को पुस्तकालय एवं वाचनालय के सम्बन्ध में निम्नलिखित नियमों का पालन करना होगा।

1. प्रत्येक छात्र / छात्रा को एक समय से अधिकतम दो पुस्तकें मिलेगी पुस्तकें 15 दिन के लिये निर्गत की जायेंगी।
2. निर्धारित समय पर पुस्तकें वापस न करने पर 50 पैसे प्रति दिन की दर से दण्ड देना होगा।
3. छात्र / छात्राओं को पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित दिनों और समय पर ही पुस्तकें निर्गत की जायेंगी।
4. पुस्तकें फटने या खराब होने का उत्तरदायित्व छात्र / छात्राओं का होगा।
5. छात्र / छात्राओं द्वारा पुस्तकालय से प्राप्त की गई पुस्तकों को विश्वविद्यालय परीक्षा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही छात्र / छात्राओं को परीक्षा प्रवेश–पत्र दिया जायेगा। परीक्षा प्रारम्भ हो जाने पर छात्र / छात्राओं को पुस्तकें निर्गत नहीं की जायेंगी।
6. वाचनालय में छात्र / छात्राओं को हिन्दी और अंग्रेजी में समाचार पत्र तथा उपयोगी साप्ताहिक एवं मासिक पत्रिकायें उपलब्ध कराई जायेंगी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ऑनलाइन अध्ययन हेतु वाचनालय में प्री–लोडेड टैब / ई–लर्निंग पार्क के तहत कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जायेगा।
7. महाविद्यालय छोड़ने के तीन वर्ष की अवधि तक ही छात्र / छात्रायें पुस्तकालय काशनमनी वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस अवधि के पश्चात पुस्तकालय काशनमनी उन्हें वापस नहीं किया जायेगा।

## अनुशासन समिति

महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्राचार्य के संरक्षकत्व में अनुशासन समिति (प्रॉक्टोरियल बोर्ड) गठित है। जो छात्र / छात्राओं में अनुशासन एवं संस्था के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग देती है। महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था को भंग करने के दोषी छात्र / छात्राओं को दण्डित करने का पूर्ण अधिकार अनुशासन समिति को प्राप्त है। महाविद्यालय का प्रत्येक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिका अनुशासन समिति का पदेन सदस्य है।

## अनुशासन सम्बन्धी नियम

1. प्रत्येक छात्र / छात्राओं से यह अपेक्षा की जाती है। कि वह अनुशासनबद्ध रहकर अनुकूल आचरण अपनायें। अनुशासनहीनता करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसमें छात्र / छात्राओं का महाविद्यालय से निष्कासन भी किया जा सकता है।
2. प्रत्येक छात्र / छात्रा को प्रतिदिन महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय–पत्र लाना अनिवार्य होगा।
3. पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त कोई अन्य पाठ्य सामग्री महाविद्यालय में लाने की छूट नहीं होगी।
4. ट्रांजिस्टर, फोटो कैमरा, मोबाइल फोन एवं टेप आदि महाविद्यालय में लाना वर्जित है।
5. किसी बाहरी व्यक्ति को बिना अनुमति महाविद्यालय परिसर में लाना छात्र / छात्राओं की अनुशासनहीनता मानी जायेगी।
6. छात्र / छात्राओं को महाविद्यालय में कक्षाओं में पठन–पाठन के दौरान आने व जाने के समय (दो बार) बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा।

6. प्रत्येक छात्र / छात्रा खाली समय में इधर-उधर न बैठकर कामन रूप अथवा वाचनालय में ही बैठेंगे।
7. प्रत्येक छात्र / छात्रा से यह अपेक्षा की जाती है कि विषय की कक्षा समाप्त होने के उपरान्त ही वह महाविद्यालय परिसर से बाहर जायें।
8. पान, गुटका या नशीली मादक वस्तुओं का सेवन महाविद्यालय में पूर्णतया निषिद्ध है।
9. महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतया वर्जित है। रैगिंग कानूनी संज्ञेय अपराध है। रैगिंग की दोषी छात्र / छात्राओं के विरुद्ध सम्बन्धित थाना में प्राथमिकी दर्ज किये जाने के साथ महाविद्यालय से निष्कासन भी किया जा सकता है।

## यूनिफार्म

### छात्र/छात्राएं

लाल चेक के नेहरू कट गले का कुर्ता आधी आस्तीनदार, बादामी दुपट्टा, बादामी सलवार, सफेद मोजे, काले जूते, काला स्वेटर या कोट (शीतकाल में) लाल चेक की शर्ट, काली पैन्ट, सफेद मोजे, काले जूते, काला स्वेटर या कोट (शीतकाल में)

**नोट :-** प्रवेश के पश्चात महाविद्यालय के सभी छात्र / छात्रा यूनीफार्म में ही आयेंगे, बिना यूनीफार्म वाले छात्र एवं छात्रा को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। यूनीफार्म का रंग व डिजाइन नोटिस बोर्ड पर देंखे।

### परिचय पत्र-

प्रत्येक छात्र / छात्राओं को अपने पास महाविद्यालय का परिचय पत्र रखना अनिवार्य है। छात्र / छात्राओं को परिचय पत्र महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। महाविद्यालय की छात्र / छात्राओं से अपेक्षा की जाती है वह अपने परिचय पत्र के साथ शुल्क रसीद भी अवश्य रखें एवं आवश्यकता पड़ने पर उसे यथा समय प्रस्तुत करें। यदि किसी छात्र / छात्रा का परिचय पत्र खो जाता है अथवा खराब हो जाता है। तो उस दशा में दूसरा परिचय पत्र चीफ प्राक्टर की अनुमति से एवं निर्धारित शुल्क (20.00) जमा करने पर ही निर्गत किया जायेगा। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र / छात्राओं को अपना परिचय पत्र का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

### अस्थायी चरित्र प्रमाण-पत्र

अस्थायी चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का अधिकार केवल उन्हीं छात्र / छात्राओं को होगा। जिसने महाविद्यालय मे न्यूनतम छः माह अध्ययन कर लिया है। तत्सम्बन्धी प्रमाण-पत्र किसी प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा सेवायोजन (नौकरी) के निमित्त किये जाने के सम्बन्ध में प्रदान किया जायेगा।

### छत्रपतिशाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा निर्धारित सीटों का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| बी0ए0प्रथम वर्ष | – | 420 |
| बी0 काम0 प्रथम वर्ष | – | 60 |
| बी0एस0सी0 (बायो) प्रथम वर्ष | – | 60 |
| बी0एस0सी0 (गणित) प्रथम वर्ष | – | 60 |
| एम0ए0 प्रथम वर्ष हिन्दी | – | 60 |
| एम0ए0 प्रथम वर्ष समाजशास्त्र | – | 60 |
| एम0ए0 प्रथम वर्ष अर्थशास्त्र | – | 60 |

## महत्त्वपूर्ण सूचना

1. विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक विषय में 75% उपस्थिति अनिवार्य है।
2. किसी भी छात्र / छात्रा का प्रवेश तब ही पूरा समझा जायेगा जब वह काउंसिलिंग के उपरान्त बैंक में फीस जमा करके महाविद्यालय में फीस रसीद जमा करके परिचय-पत्र प्राप्त कर लेगा और अपने चयनित विषय के अध्यापक के पास अपना नाम लिखा देगा साथ ही विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म भर कर जमा कर दे।
3. छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु 75% उपस्थिति अनिवार्य है।
4. छात्र / छात्रा अपना मोबाइल नम्बर साफ-साफ फार्म में भरेंगे क्योंकि महाविद्यालय की महत्वपूर्ण सूचना उसी मोबाइल नम्बर पर भेजी जायेगी।

# शुल्क

उ0प्र0 शासन / कानपुर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जायेगा। शासन / विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क वृद्धि किये जाने की स्थिति में छात्र / छात्रा को बढ़ा हुआ शुल्क देना होगा। शुल्क के सम्बन्ध में समस्त सूचनायें सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जायेगी। एक बार शुल्क जमा के बाद न तो वापस किया जायेगा और न ही अन्यत्र स्थानान्तरित किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक एच0डी0एफ0सी0 बैंक, बाँगरमऊ में पूरा शुल्क जमा करना होगा अन्यथा प्रवेश निरस्त माना जायेगा।

# शुल्क विवरण (वार्षिक शुल्क तालिका)

## राजकोष शुल्क

| क्र.सं0 | शुल्क विवरण | स्नातक | परास्नातक |
|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षण शुल्क | 132/– | 180/– |
| 2. | प्रवेश शुल्क | 03/– | 03/– |
| 3. | महंगाई शुल्क | 42/– | 42/– |
| 4. | छात्र पंजिका शुक्ल | 01/– | 01/– |
| 5. | विकास शुल्क | 20/– | 20/– |
| 6. | पुस्तकालय शुल्क | 03/– | 10/– |
| 7. | पंखा शुल्क | 04/– | 04/– |
| 8. | प्रयोगशाला शुल्क, प्रयोगात्मक शुल्क, शारीरिक शिक्षा | 240/– प्रति विषय | .................. |

## छात्र निधि

| क्र.सं0 | शुल्क विवरण | स्नातक | परास्नातक |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रीडा | 150/– | 150/– |
| 2. | वाचनालय एवं डिजिटल पुस्तकालय शुल्क | 50/– | 50/– |
| 3. | पत्रिका | 50/– | 50/– |
| 4. | परिचय–पत्र | 30/– | 30/– |
| 5. | निर्धन छात्र सहायता | 10/– | 10/– |
| 6. | परिषद् एवं अन्य समारोह शुल्क | 100/– | 100/– |
| 7. | डाटा फीडिंग / परीक्षा आवेदनपत्र प्रेषण शुल्क | 100/– | 100/– |
| 8. | साइकिल स्टेण्ड शुल्क | 50/– | 50/– |
| 9. | प्रयोगशाला काशनमनी | 40/– | .................. |
| 10. | रोवर्स / रेंजर्स | 50/– | 50/– |
| 11. | विद्युत व्यय | 150/– | 150/– |
| 12. | पर्यावरण एवं परिसर विकास शुल्क | 50/– | 50/– |
| 13. | परीक्षा प्रोसेसिंग शुल्क | 40/– | 40/– |

## विश्वविद्यालय शुल्क

| क्र.सं0 | शुल्क विवरण | स्नातक | परास्नातक |
|---|---|---|---|
| 1. | वि0वि0 क्रीड़ा | 20/– | 20/– |
| 2. | मौखिकी (बी0काम0 / एम0ए0 फाइनल हेतु) | 100/– | 100/– |
| 3. | नामांकन शुल्क प्रथम वर्ष | 100/– | 100/– |
| 4. | वि0वि0 परीक्षा शुल्क | 685/– | 785/– |
| 5. | वि0वि0 डेटा प्रोसेसिंग शुल्क | 50/– | 50/– |
| 6. | प्रयोगशाला शुल्क (वि0 वि0) प्रत्येक कक्षायें जिसमें लागू हों | 100/– | 100/– |

# सतत विकास लक्ष्य

विश्व के 193 देशों का एक साथ मिलकर 17 लक्ष्यों को प्राप्त कर दुनिया को 2030 तक बेहतर बनाने का वादा

**1 गरीबी उन्मूलन** — गरीबी के सभी रूपों को पूरे विश्व से समाप्ति

**2 शून्य भुखमरी** — भुखमरी समाप्त करना, खाद्य सुरक्षा और बेहतर पोषण तथा सतत कृषि को बढ़ावा देना।

**3 उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली** — सभी आयु के लोगों में स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा

**4 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा** — समावेशी, न्यायसंगत और गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने सभी के लिए आजीवन शिक्षा प्राप्ति के अवसरों को बढ़ावा देना

**5 लैंगिक समानता** — लैंगिक समानता प्राप्त करने के साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त करना

**6 स्वच्छ जल और स्वच्छता** — सभी के लिए जल और स्वच्छता के सतत प्रबन्धन की उपलब्धता सुनिश्चित करना

**7** — किफायती, विश्वसनीय सतत और आधुनिक ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना

**8 उत्कृष्ट कार्य और आर्थिक वृद्धि** — सभी के लिए निरन्तर समावेशी और सतत आर्थिक विकास, पूर्ण और लाभकारी रोजगार तथा बेहतर कार्य को बढ़ावा देना

**9 उद्योग, नवाचार और बुनियादी सुविधाएं** — उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे, समावेशी और सतत औद्योगीकरण को बढ़ावा एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना

**10 असमानताओं में कमी** — राष्ट्रों के अन्दर और उनके बीच असमानता को कम करना

**11 संवहनीय शहर और समुदाय** — शहरों और मानव बस्तियों को समावेशी, सुरक्षित, उत्कृष्ट और सतत बनाना

**12 संवहनीय उपभोग और उत्पादन** — सतत स्थायी उत्पादन और उपभोग के स्वरूप को सुनिश्चित करना

**13 जलवायु परिवर्तन** — जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए तत्काल कार्यवाही करना


**14 जलीय जीवों की सुरक्षा** — स्थायी सतत विकास के लिए महासागरों, समुद्रों और समुद्रीय संसाधनों का संरक्षण और इनका समुचित उपयोग सुनिश्चित करना

**15 थलीय जीवों की सुरक्षा** — थलीय जीवों की सुरक्षा, स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्रों का संरक्षण तथा पुनरुद्धार और इनके सतत उपयोग को बढ़ावा देना, वनों का सतत तरीके से प्रबन्धन, मरुस्थल–रोधी उपाय, भूमि अतिक्रमण को रोकना तथा प्रतिवर्तित करना और जैव विविधता की हानि को रोकना

**16 शांति, न्याय और सशक्त संस्थाएं** — सतत विकास के लिए शांतिपूर्ण और समावेशी समाज को बढ़ावा देना, सभी स्तरों पर इन्हें प्रभावी और उत्तरदायी बनाना ताकि सभी के लिए न्याय सुनिश्चित हो सके

**17 लक्ष्य हेतु भागीदारी** — सतत विकास के लिए वैश्विक भागीदारी को पुनर्जीवित करने के कार्यान्वयन के साधनों को मजबूत करना

## कोई पीछे न छूट जाए



## इन्दिरा गाँधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाँगरमऊ-उन्नाव

शिक्षा सत्र- 20 -20

आवेदन पत्र संख्या- 75

शास्ता मण्डल के प्रयोग हेतु

1. विद्यार्थी का नाम ____________

2. कक्षा ____________

3. विषय ____________

4. पिता का नाम ____________

पासपोर्ट साइज फोटो

5. स्थायी पता ____________

6. पत्राचार का पता ____________

7. संरक्षक का नाम व पता ____________

8. आधार नम्बर ____________

विद्यार्थी के हस्ताक्षर

---

## इन्दिरा गाँधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाँगरमऊ-उन्नाव

शिक्षा सत्र- 20 -20

आवेदन पत्र संख्या- 75

पुस्तकालय के प्रयोग हेतु

1. विद्यार्थी का नाम ____________

2. कक्षा ____________

3. विषय ____________

4. पिता का नाम ____________

पासपोर्ट साइज फोटो

5. स्थायी पता ____________

6. पत्राचार का पता ____________

7. संरक्षक का नाम व पता ____________

8. आधार नम्बर ____________

विद्यार्थी के हस्ताक्षर

(आवश्यक निर्देश पढ़ने के बाद ही प्रवेश आवेदन पत्र भरें।)

# इन्दिरा गाँधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाँगरमऊ-उन्नाव

(कानपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

## प्रवेश आवेदन पत्र

संख्या......75......

शिक्षा सत्र- 20 -20

यहाँ अपना नवीनतम फोटो चिपकायें

प्राचार्य महोदय,

मैं महाविद्यालय की कक्षा.......................... में प्रवेश हेतु प्रार्थना करता हूँ/करती हूँ की वाछित सूचनाओं के साथ आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न हैं।

(नोट:- प्रवेशार्थी द्वारा स्वय अपनी हस्तलिपि में ही प्रवेश फार्म भरना अनिवार्य है।) अन्यथा प्रवेश फार्म अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

प्रार्थी

(पल्लवित हस्ताक्षर)

चयनित विषय :- (चयनित विषय में परिवर्तन संभव न होगा।)

प्रथम वर्ष (प्रथम एव द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय वर्ष (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर)

1) Major........................................

2) Major........................................

3) Other Major........................................

4) Minor........................................

5) Vocational - Yoga and naturopathy (अनिवार्य)

6) Co-Curricular- (अनिवार्य)

तृतीय वर्ष

1) ........................................

2) ........................................

एम.ए.

हिन्दी ☐ समाजशास्त्र ☐ अर्थशास्त्र ☐

नाम 1. (हिन्दी में)........................................(हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार)

2. अंग्रेजी (कैपिटल अक्षर में)........................................लिंग-M / F

3. आधार नम्बर........................................

2. पिता का नाम..........................व्यवसाय..........................वार्षिक आय..........................

3. माता का नाम........................................

4. अभिभावक का नाम..........................मो०नं० (अनिवार्य रूप से अंकित करें)..........................

5. स्थायी पता........................................

..........................Mail ID ..........................

6. स्थानीय पता..........................Registration No. ..........................

7. जन्म तिथि (हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार)..........................8. निवास स्थान.......................... (निवास प्रमाण-पत्र संलग्न करें)

9. जाति (अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति/........................................

(प्रवेशार्थी सत्यापित जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करें यदि आरक्षण का लाभ लेना है)

10. उस संस्था का नाम जहाँ से अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण की है........................................

11. शैक्षिक विवरण

| परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय जहाँ से परीक्षा उत्तीर्ण की है। | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अनुक्रमांक | विषय | श्रेणी | पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | | | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | | | |
| बी०ए०/बी०कॉम०/बी०एस०-सी० | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

12. दिव्यांग हैं तो टिक ✓करें : ☐ ☐ यदि हाँ तो प्रमाण-पत्र संलग्न करें

---


# इन्दिरा गाँधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाँगरमऊ-उन्नाव


संख्या......75......

नाम :........................................का आवेदन प्राप्त किया गया।

चयनित विषय (1) (2) (3) (4)

दिनांक..........................

नोट :- प्रवेश शुल्क H.D.F.C. बैंक, बाँगरमऊ में ही जमा होगा।

हस्ताक्षर लिपिक

## समाचार पत्रों की नजर में-

### सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गयी



### राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिवस में किया गया योगाभ्यास एवं शारीरिक श्रम



### सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की शपथ

### स्मार्टफोन और टेबलेट पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे





### रैली निकालकर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



### यातायात नियमों की दिलाई गयी शपथ

### रोवर रेंजर का प्रशिक्षण शुरू

### स्काउट गाइड को दिया गया प्रशिक्षण

### सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती

### रैली के माध्यम से यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया

### सिविल सेवाओं की भूमिका पर रखे विचार






### संक्षेप

पंचायती राज के सुदृढ़ीकरण में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा



### यातायात नियमों के पालन करने की शपथ ली

### स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुरातन विद्यार्थियों की आनलाइन मीटिंग आयोजित



### पुरातन छात्रों ने साझा किये अपने अनुभव

# महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियाँ



















मूल्य रु.50/-